राज्य स्तरीय आकलन

SA	1

सत्र – 2019–20

आदर्श उत्तर

कक्षा – 6 **विषय – हिन्दी**

माध्यम – हिन्दी **PAPER CODE –**

6	0	1	1

<u>पठन खण्ड</u>

उत्तर 1 गद्यांश आधारित **5 अंक**

i. घर से बाहर निकलने पर किसी युवा को पहली कठिनाई मित्र चुनने में होती है।

ii. संगति का हमारे आचरण पर अधिक प्रभाव पड़ता है।

iii. युवावस्था में हमारा चित्त कोमल और हर तरह के संस्कार ग्रहण करने योग्य रहता है, हमारे भाव अपरिमार्जित और हमारी प्रकृति अपरिपक्व रहती है, उसी समय हम समाज में प्रवेश कर कार्य आरम्भ करते है।

iv. मित्र का चुनाव

v. माँजा हुआ।

अथवा

चित्र से संबंधित प्रश्नों के उत्तर –

i विद्युत बचत की जानकारी देना

ii कारखाने की तरक्की

iii खर्च

iv बिजली और धन की

v धन

<u>लेखन खण्ड</u>

उत्तर 2 निर्देश – छात्र अपने पसंद अनुसार गॉवों के तालाबों की कोई दो विशेषताएँ लिखेंगे।
2 अंक

उत्तर 3 निर्देश – छात्र स्वयं कविता की रचना करेंगे। **3 अंक**

उत्तर 4 निर्देश – अनुच्छेद रचना **5 अंक**

(i) **समय किसी के लिए नहीं रूकता** – इसके अतंर्गत समय की महत्ता, समय का ध्यान न रखने से होने वाली हानियाँ आदि बातें शामिल की जा सकती है।

(ii) **विद्यालय की प्रार्थना सभा** – विद्यालय में आयोंजित होने वाली प्रार्थना सभा और उसमें होने वाली गतिविधियों के विषय में लिखा जायेगा।

(iii) **मीठी बोली का महत्व –** इसके अंतर्गत मीठी बोली के महत्व और साथ ही कटू बोली से होने वाले नुकसान आदि पर तुलनात्मक रूप से विचार रखा जा सकता है। (उदाहरण के साथ)

(iv) **मित्र के जन्मोत्सव** – इसके अतंर्गत जन्मोत्सव की तिथि, आयोजित कार्यक्रम और उसकी तैयारी आदि से संबंधित बिंदु विस्तृत दिया जा सकता ळें

<u>व्याकरण खण्ड</u>

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर

उत्तर 5 – (द) सितारा **1 अंक**

उत्तर 6 – (ब) समयाभाव **1 अंक**

उत्तर 7 – (द) मृतप्राय **1 अंक**

उत्तर 8 – (ब) प्रतिष्ठा **1 अंक**

उत्तर 9 – भाव वाचक संज्ञा

(अ) पढ़ाई **2 अंक**

(ब) बुनाई

उत्तर 10 – वाक्य शुद्ध करना

(अ) मेरे आँखों से आँसू बहते हैं। **2 अंक**

(ब) फूलों की एक माला बनाइए ।

उत्तर 11 – मुहावरों का अर्थ व वाक्य प्रयोग **2 अंक**

(अ) फूट – फूटकर रोना – अत्यधिक दुःखी होना

वाक्य में प्रयोग – शीला बेटे के गम में फूट –फूटकर रोने लगी।

(ब) नौ दो ग्यारह होना – भाग जाना

वाक्य में प्रयोग – रामू पुलिस को आता देखकर नौ दो ग्यारह हो गया।

साहित्य खण्ड

उत्तर 12 – (अ) – 27 जून 1880 में **1 अंक**

उत्तर 13 – झिंगुरा ओस के बूँद ल हीरा के सगा एखर सेति कहिस काबर कि काँदी म पड़े ओस के बूँद ह बड़ सुघर लगत रहय। जब हवा चलय, त काँदी ह हिलय त काँदी म पड़े ओस के बूँद चमकत रहय। **2 अंक**

उत्तर 14– सीना तानकर चलने का तात्पर्य अभिमान पूर्वक चलने से है क्योंकि उनका संबंध एक ऐसे देश से है जिन्होंने अनगिनत वीर सपूतों को जन्म दिया है। उनपर मातृ भूमि का अगणित कर्ज है, जिसे चुकाने के लिए वे सदैव उसकी रक्षा में तत्पर रहते है और यहाँ तक कि बलिदान देने के लिए भी सदैव आगे रहते हैं। अतः मातृ भूमि पर गर्वित हो सीना तानकर चलते हैं। **3 अंक**

उत्तर 15–बुढ़िया के पति और उसके इकलौते पुत्र की मृत्यु उसी झोपड़ी में हुई थी, यहाँ तक कि उसकी पतोहू भी वहीं अपने 5 वर्ष की कन्या छोड़कर चल बसी थी। उन सभी के जीवन काल की यादें उस झोपड़ी से जुड़ी थी जो उसकी जेहन में बसी थी, इस कारण वह झोपड़ी छोड़ना नहीं चाहती थी। **3 अंक**

उत्तर 16–अंगद की सजा अंगद को सुधारने एवं उसमें परिवर्तन लाने के लिए तय की गयी थी न कि बदला लेने के लिए इसलिए सजा के रूप में अनूठी और अनुकरणीय तरकीब सोची गई जिससे अंगद को अपनी भूल का एहसास हो, साथ ही दूसरों के लिए एक सुखद एवं आश्चर्य युक्त संदेश जा सके। इसलिए उसकी सजा को गुप्त रखी गयी। **3 अंक**

उत्तर 17 –निर्देश – छात्र अपने विचार लिखेंगे। **3 अंक**

सर्वप्रथम छात्र सर्व सुविधा युक्त परतत्रंता के जीवन अथवा सुविधाहीन उन्मुक्त जीवन के मध्य अपनी पसंदगी व्यक्त करेंगे, साथ ही उनके चयन का क्या आधार है यह भी लिखेंगे।